## संक्षिप्त समाचार

## जानलेवा हमला



नई दिल्ली। कई वर्षों से मजार मुक्त भारत, लव जिहाद मुक्त भारत, नशा मुक्त भारत की मुहिम को लेकर काम करने के कारण मुझ पर आज फिर जानलेवा हमला हुआ। महाराणा प्रताप सेना के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवर्धन सिंह जी परमार कई वर्षों से मजार मुक्त भारत, लव जिहाद मुक्त भारत, नशा मुक्त भारत की मुहिम को लेकर काम करने के कारण उन पर आज फिर जानलेवा हमला हुआ। दिल्ली में स्थित बंदा बहादुर सिंह मार्ग पर आज गाड़ी में जब परिवार समेत जा रहे था तो दो मुस्लिम लड़कों ने गाड़ी के शीशे पर पथराव किया तथा डंडे से प्रहार किया जिससे गाड़ी बहुत डैमेज हुई है। दिल्ली पुलिस से अनुरोध है कि इस विषय पर कार्रवाई करने की कृपा करें।

## पाकिस्तान की नई सरकार, ख्वाजा आसिफ संभालेंगे रक्षा मंत्रालय

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की नई सरकार में ख्वाजा आसिफ रक्षा मंत्रालय संभालेंगे। सरकार में शामिल 19 सदस्यों के शपथ लेने के बाद मंत्रालयों की घोषणा की गई है। जिओ न्यूज के अनुसार सोमवार को मंत्रालयों का आवंटन किया गया। पूर्व वित्त मंत्री इशाक डार को विदेश मंत्रालय आवंटित किया गया है। बैंकर मोहम्मद औरंगजेब को प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की वित्त टीम का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है। इसके अलावा पंजाब के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी को आंतरिक मंत्री नियुक्त किया गया है। नकवी के संसद के ऊपरी सदन के सदस्य के रूप में चुने जाने की भी संभावना जताई गई है। अहद खान चीमा को आंतरिक मंत्री नियुक्त किया गया है। रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ रक्षा उत्पादन और विमानन के अतिरिक्त विभाग भी संभालेंगे। अहसान इकबाल योजना, विकास और विशेष पहल मंत्रालय की बागडोर संभालेंगे। फिलहाल राज्यमंत्री शजा फातिमा ख्वाजा को कोई विभाग नहीं दिया गया है।

## बोलीविया में बारिश के मौसम के बीच भूस्खलन, बाढ़ से 51 लोगों की मौत

ला पाज। बोलीविया में नवंबर से अब तक भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से 51 लोगों की जान चली गई है। नागरिक सुरक्षा उप मंत्री जुआन कार्लोस कैल्विमोंटेस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुये बताया कि बारिश ने दक्षिण अमेरिकी देश में 43,571 परिवारों को प्रभावित किया है, जिससे उसके नौ विभाग अलर्ट पर हैं। कैल्विमोंटेस ने कहा ये आंकड़े हमें देश में घटना की गंभीरता के बारे में जानकारी देते हैं, बोलीविया में बारिश और उसके परिणामस्वरूप होने वाली प्राकृतिक आपदाओं के कारण मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। बोलीविया में बारिश का मौसम आमतौर पर नवंबर में शुरू होता है और मार्च तक रहता है।

## स्विट्जरलैंड में छह पर्वतारोहियों में से पांच मृत पाए गए

जिनेवा। वैलैस के दक्षिणी स्विस कैंटन में सप्ताहांत में लापता हुए पांच क्रॉस-कंट्री पर्वतारोहियों के शव टेटे ब्लैंच पर्वत के पास पाए गए है। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। वैलैस कैंटोनल पुलिस प्रमुख क्रिश्चियन वरोन ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि छह स्कीयर शनिवार को अपेक्षाकृत अच्छी परिस्थितियों में अपनी यात्रा पर निकले। हालाँकि, बाद में स्थिति तेजी से बिगड़ गई। अधिकारियों ने रविवार देर रात खोजे गए पांच स्कीयरों की मौत के कारण का खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने बर्फीले तूफान, तेज हवाओं और अत्यधिक तापमान का हवाला देते हुए स्थितियों को विनाशकारी बताया। वरोन ने इस बात पर जोर दिया कि प्राथमिकता छठे व्यक्ति को ढूंढना है। अधिकारी ने कहा, जब तक उम्मीद है हम वह सब करेंगे जो हम कर सकते हैं, लेकिन हमें उन परिस्थितियों के बारे में यथार्थवादी होना होगा जिनसे वह व्यक्ति पिछले 48 घंटों में गुजरा है।

## चीन में कोयला खदान ढहने से पांच की मौत, दो लापता

बीजिंग। उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में एक कोयला खदान में गोदाम ढह जाने से पांच खनिकों की मौत हो गई और दो अन्य लापता हैं। प्रांतीय अधिकारियों ने बताया कि हादसा झोंगयांग काउंटी के ताओयुआन शिनलोंग कोयला औद्योगिक निगम में रात करीब 10:45 बजे हुआ। दुर्घटना में मंगलवार सुबह सात बजे तक मलबे से पांच शव निकाले जा चुके हैं और बचावकर्मी लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं।

## ब्राजील में डेंगू से अब तक 391 मौत

रियो डी जनेरियो। ब्राजील में इस साल अब तक डेंगू से 391 लोगों की मौत की पुष्टि की गयी है जबकि 854 लोगों की मौत के कारणों की जांच जारी है। स्वास्थ्य मंत्रालय की दैनिक रिपोर्ट के मुतबाकि में कहा कि देशभर में डेंगू के कुल 1,583,183 संदिग्ध मामले सामने आए हैं, जिनमें 12,652 गंभीर किस्म के मामले हैं। दक्षिण अमेरिकी देश में डेंगू बुखार की घटना दर वर्तमान में प्रति 100,000 निवासियों पर 757.5 मामले हैं। ब्राजील में इस साल की शुरूआत से ही डेंगू महामारी का प्रकोप बढ़ा हुआ है और बढ़ते मामलों के कारण नौ प्रांतो में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करना पड़ा है।

## स्कूल बस के ट्रक से टकराने से 3 बच्चों सहित पांच की मौत

शिकागो। अमेरिका के इलिनोइस राज्य की राजधानी स्प्रिंगफील्ड से लगभग 91 किमी उत्तर पश्चिम में रशविले में एक राजमार्ग पर सोमवार को एक स्कूल बस के सेमीट्रक से टकरा जाने से तीन बच्चों और दो वयस्कों की मौत हो गई। इलिनोइस राज्य पुलिस ने प्रेसवार्ता के दौरान एक बयान में कहा कि दुर्घटना सुबह 11:30 बजे के आसपास हुई जब यूएस रूट 24 पर पूर्व की ओर जा रही स्कूल बस अज्ञात कारण के लिए पश्चिम की ओर जाने वाली लेन में केंद्र रेखा को पार कर गई और रेत ले जा रहे सेमीट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। स्कूल बस में सवार सभी चार लोगों, जिनमें चालक और तीन बच्चे साथ ही सेमीट्रक के ड्राइवर को भी घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद स्कूल जिले ने मंगलवार और बुधवार को स्कूल रद्द कर दिया। दुर्घटना के कारण की जांच के अधीन है।

## मिसिसिपी प्रशासन ने अवैध मतदाता पंजीकरण पर बाइडेन के आदेश को रोकने की मांग की

वाशिंगटन। मिसिसिपी के प्रांतीय सचिव माइकल वॉटसन मांग ने न्याय विभाग से राष्ट्रपति जो बाइडेन के उस कार्यकारी आदेश पर रोक लगाए जाने की मांग की है जिसमे कथित तौर पर अयोग्य अपराधियों को वोट देने के लिए पंजीकृत करने के लिए कहा गया है। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक श्री वॉटसन ने अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड को लिखे पत्र में कहा, ये प्रयास प्रांत के मामलों में घुसपैठ और संघीय राजस्व और संसाधनों का दुरुपयोग हैं। इसके अलावा ऐसा प्रतीत होता है कि इन प्रयासों के कारण आपके प्रभार के तहत एजेंसियों ने लोगों को वोट देने के लिए पंजीकृत करने का प्रयास किया है, जिसमें संभावित रूप से अयोग्य अपराधी भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्री वॉटसन ने पत्र में चिंता व्यक्त की कि मिसिसिपी जेल प्रणाली में अवैध अप्रवासियों को संभावित रूप से वोट देने के लिए पंजीकृत किया जा सकता है।

# सेला टनल खुलने पर चीन बोला अरुणाचल हमारा हिस्सा

### कहा- PM मोदी के दौरे से मुश्किलें बढ़ेंगी, भारत को वहां जबरन विकास का हक नहीं

**सेला टनल 3 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी दुनिया की सबसे लंबी डबल लेन टनल है। इसकी लंबाई 1.5 किलोमीटर है।**

**बीजिंग/ईटानगर, एजेंसी**

चीन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे पर विरोध जताया है। PM मोदी ने यहां 13 हरजार फीट की ऊंचाई पर बनी सेला टनल का इनॉग्रेशन किया था। चीन ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश हमारा हिस्सा है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा- भारत के कदम LAC पर तनाव को बढ़ावा देने वाले हैं। वांग ने अरुणाचल प्रदेश का नाम जांगनान बताया और कहा- यह चीनी क्षेत्र है। हमारी सरकार ने कभी भी गैर-कानूनी तरीके से बसाए गए अरुणाचल प्रदेश को मान्यता नहीं दी। हम आज भी इसका विरोध करते हैं। यह चीन का हिस्सा है और भारत मनमाने ढंग से यहां कुछ भी नहीं कर सकता है। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा- भारत जो कर रहा है उससे सीमा को लेकर दोनों देशों के बीच विवाद और बढ़ सकता है। हम PM मोदी के पूर्वी क्षेत्र में किए गए इस दौरे के खिलाफ हैं। हमने भारत से भी अपना विरोध जताया है। चीन अरुणाचल प्रदेश को साउथ तिब्बत कहता है और इसका नाम जांगनान बताता है।




LAC के पास गेम चेंजर साबित होगी यह सुरंग?

### भारत बोला- अरुणाचल हमारा हिस्सा था, है और रहेगा

वहीं चीन के बयान पर भारत के विदेश मंत्रालय का जवाब आया है। प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा- PM मोदी समय-समय पर राज्यों का दौरा करते रहते हैं। ऐसे दौरों या विकास योजनाओं का विरोध नहीं किया जा सकता। अरुणाचल प्रदेश हमेशा से भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। हम चीन के सामने यह बात पहले भी कई बार रख चुके हैं।

### PM मोदी ने सेला टनल का उद्घाटन किया

PM मोदी ने 9 मार्च को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले के बैसाखी में सेला टनल का उद्घाटन किया था। यह 13 हजार फीट की ऊंचाई पर बनी दुनिया की सबसे लंबी डबल लेन टनल है। चीन सीमा से लगी इस टनल की लंबाई 1.5 किलोमीटर है। टनल चीन बॉर्डर से लगे तवांग को हर मौसम में रोड कनेक्टिविटी देगी। छअउ के करीब होने के कारण यह टनल सेना के मूवमेंट को खराब मौसम में और भी बेहतर बनाएगी। यह टनल के बनने से चीन बॉर्डर तक की दूरी 10 किलोमीटर कम हो गई है।

### भारतीय सेना की स्पेशल विंग इफ्ढ ने डिजाइन किया

यह टनल असम के तेजपुर और अरुणाचल के तवांग को सीधे जोड़ेगी। दोनों जगह सेना के चार कोर मुख्यालय हैं, जिनकी दूरी भी एक घंटे कम हो जाएगी। इस पूरे टनल का डिजाइन और इन्फ्रास्ट्रक्चर भारतीय सेना की स्पेशल विंग बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (BRO) ने तैयार किया है। जंग की स्थिति में इस टनल में कौन-कौन सी चीजें होनी चाहिए, ये इफ्ढ को अच्छी तरह से पता है। यही वजह है कि इस टनल के बनने से भारतीय सेना की ताकत और मनोबल बढ़ा है। चीन की टेंशन बढ़ गई है।

## उत्तर पूर्वी लोकसभा चुनाव प्रबंधन की बैठक संपन्न

**उत्तर पूर्वी दिल्ली**

लोकसभा चुनाव प्रबंधन की बैठक यमुना विहार जिला कार्यालय पर संपन्न हुयी। बैठक मे लोकसभा प्रत्याशी और सांसद मनोज तिवारी स्वयं मौजूद रहे। प्रभारी गजेंद्र यादव राज कुमार भाटिया साथ मे दोनों जिला अध्यक्ष पूनम चौहान मनोज त्यागी व विधायक अजय महावर मोहन सिंह बिष्ट जीतेन्द्र महाजन फतेह सिंह योगेंदर चंदौलिया के साथ लोकसभा अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे। मनोज तिवारी ने कहा इस बार 400 पार के लक्ष्य को हासिल कर भाजपा इतिहास रचने जा रही है। चुनाव प्रबंधन समिति का बहुत बड़ा योगदान होता है पूरा चुनाव इसी समित के मार्गदर्शन मे लड़ा जायेगा। आप सभी हेडट्रिक लगाने के लिए तैयार है और आप सभी ही प्रत्याशी के रूप मे मनोज तिवारी है। अजय महावर ने बताया कि चुनाव प्रबंधन समिति मे जितने भी विभाग है वह बहुत महत्पूर्ण है। सोशल मीडिया आयी टी कार्यालय प्रमुख व




सभी अन्य सभी दिन रात पार्टी की सेवा मे समर्पित रहेंगे। पूनम चौहान ने मंच का संचालन करते हुए सभी चुनाव प्रबंधन समिति उपस्थिति दर्ज करी और सूची को जारी किया। मनोज त्यागी ने सभी का धन्यवाद किया और आभार व्यक्त किया। इस चुनाव प्रबंधन समिति मे लोकसभा संयोजक राजा इकबाल मोहन गोयल डॉ यू के चौधरी नीरज तिवारी पुनीत शर्मा राजेंद्र अग्रवाल राज कुमार झा मिनाक्षी शिवम सुशील चौधरी दीपक चौहान दुष्यंत नारायण सिंह व अन्य समस्थ अपेक्षित श्रेणी उपस्थित रही।

## दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए की रहने की संभावना

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार की सुबह न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह तापमान इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री सेल्सियस कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। दिल्ली में सापेक्ष आर्द्रता का स्तर 89 प्रतिशत दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिन के दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना जताई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, दिल्ली में सुबह 9 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 183 दर्ज किया गया। एक्यूआई को शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

## मुर्मू ने मॉरीशस के राष्ट्रपति रूपन को रुपे कार्ड उपहार में दिया



पोर्ट लुइस, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को मॉरीशस के अपने समकक्ष पृथ्वीराज सिंह रूपन से मुलाकात की और भारत तथा मॉरीशस के बीच दीर्घकालिक और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर व्यापक चर्चा की। राष्ट्रपति मुर्मू ने रूपन को एक रूपे कार्ड उपहार में दिया, जिसे हाल में मॉरीशस में शुरू किया गया है। मुर्मू दिन में तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर यहां पहुंचीं। इस दौरान वह मंगलवार को देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। भारत के राष्ट्रपति के आधिकारिक हैंडल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रेसिडेंशियल स्टेट हाउस में राष्ट्रपति रूपन के साथ गर्मजोशी से और सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। एक्स पोस्ट में मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए कहा गया है, दोनों नेताओं ने क्षमता निर्माण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी और विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं में सहयोग सहित अनूठे और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। पोस्ट के मुताबिक, मुर्मू ने आयुर्वेदिक उद्यान की भी सराहना की जो पिछले साल स्टेट हाउस के मैदान में स्थापित किया गया था। एक्स पर सिलसिलेवार ढंग से की गयी पोस्ट में विदेश मंत्रालय ने कहा कि द्विपक्षीय वार्ता से पहले रूपन ने स्टेट हाउस में मुर्मू का गर्मजोशी से स्वागत किया। पोस्ट में मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए कहा गया है,दोनों नेताओं ने भारत और मॉरीशस के बीच रिश्तेदारी, संस्कृति और लोगों के बीच मजबूत संबंधों की ठोस नींव पर बने दीर्घकालिक और करीबी संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। चौसठ वर्षीय रूपन का जन्म एक आर्य समाज परिवार में हुआ है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस में सर शिवसागर रामगुलाम और सर अनिरुद्ध जगन्नाथ को श्रद्धांजलि अर्पित की



पोर्ट लुइस। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉरीशस की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर यहां पहुंचने पर मॉरीशस के महान सपूतों सर शिवसागर रामगुलाम और सर अनिरुद्ध जगन्नाथ को पैम्पलेमोसेस के बॉटनिकल गार्डन में श्रद्धांजलि अर्पित की। यह सचित्र जानकारी भारतीय राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स हैंडल पर साझा की है। इससे पहले उन्होंने मॉरीशस के अपने समकक्ष पृथ्वीराज सिंह रूपन से मुलाकात की। भारत और मॉरीशस के बीच दीर्घकालिक और बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर व्यापक चर्चा की। राष्ट्रपति मुर्मू ने रूपन को एक रूपे कार्ड भी उपहार में दिया। मुर्मू मंगलवार को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगी।

## क्या प्रधानमंत्री संविधान के प्रति प्रतिबद्धता की खातिर हेगड़े के खिलाफ कार्रवाई करेंगे: कांग्रेस

नई दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनंत कुमार हेगड़े के एक बयान को लेकर मंगलवार को कहा कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की खातिर हेगड़े के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने प्रश्नपत्र लीक और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर भी प्रधानमंत्री से सवाल किए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद हेगड़े ने गत रविवार को कहा था कि संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने के लिए भाजपा संविधान में संशोधन करेगी। उन्होंने लोगों से लोकसभा में भाजपा को दो-तिहाई बहुमत देने का आह्वान किया था ताकि देश के संविधान में संशोधन किया जा सके। भाजपा ने हेगड़े के बयान को उनका निजी विचार करार दिया है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री साबरमती आश्रम स्मारक परियोजना के लिए अहमदाबाद में हैं। वह अपने राजनीतिक लाभ के लिए महात्मा को लेकर अच्छी-अच्छी बातें करते हैं लेकिन क्या वह महात्मा गांधी के अहिंसा, सबको साथ लेकर चलने और समानता के आदर्शों के प्रति प्रतिबद्ध होंगे? उन्होंने सवाल किया, प्रधानमंत्री ने संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखने की शपथ ली थी। क्या वह संविधान के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता दिखाने के लिए कर्नाटक से भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े के खिलाफ कार्रवाई करेंगे? रमेश ने प्रश्नपत्र लीक से जुड़े मुद्दे का उल्लेख करते हुए कहा कि क्या प्रधानमंत्री मोदी पिछले 7 साल में गुजरात में हुए 14 पेपर लीक मामलों के बारे में बोलने की हिम्मत दिखाएंगे?

## पाकिस्तान से आए हिंदू एवं अफगानिस्तान से आए सिख एवं हिंदू शरणार्थियों ने वीरेन्द्र सचदेवा एवं भाजपा कार्यकताओं ने साथ मनाई होली एवं दिवाली

**एजेंसी**

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज पहली पर पाकिस्तान से आये हिन्दू शरणार्थी एवं अफगानिस्तान से आये सिख एवं हिन्दू शरणार्थी को सी.ए.ए. लागू होने के बाद एक मंच पर सम्मानित किया और सभी शरणार्थियों जो अब नागरिक होंगे को गुलाल लगाकर खुशियां मनाई। शरणार्थियों ने एक पत्र भी वीरेन्द्र सचदेवा को दिया जिसमें उन्होंने अपनी भावनाओं को बताते हुए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा संयोजित इस प्रेसवार्ता में चांदनी चौक जिला भाजपा अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल एवं निगम पार्षद हरेश ओबरॉय के साथ पाकिस्तान



से आये हिन्दू शरणार्थी के प्रतिनिधि एवं अफगानिस्तान से आए सिख एवं हिंदू शरणार्थी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। प्रवीण शंकर कपूर ने कहा भारत सरकार ने आज से शरणार्थियों को भारतीय नागरिक का दर्जा दे दिया है, अब यह घरवाले हैं। श्री सचदेवा एवं उपस्थित शरणार्थी प्रतिनिधियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशी जाहिर की और सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह होली से पहले की होली है और इसके लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का हम सभी आभारी हैं क्योंकि जो कहा वह करके दिखाया। श्री सचदेवा ने कहा जब मैं पहली बार इन लोगं से मिला तो हमने आशा व्यक्त की थी कि एक समय आएगा जब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आप सभी की मांगों को पूरी करेंगे क्योंकि हमें अपने शीर्ष नेतृत्व पर भरोसा था और आज उस भरोसे का परिणाम सामने हैं। श्री सचदेवा ने कहा कि जो लोग पाकिसातन से आए उनकी गलती सिर्फ इतनी थी कि बंटवारे के समय उनके हिस्से में पाकिस्तान आया। उन्होंने कहा कि मैं इस दर्द को समझाता हूं क्योंकि मेरे माता पिता ने 1947 का बंटवारा देखा है। एक सिख युवक का परिचय कराते हुए वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की आज हमारे देश में ऐसे भी शरणार्थी हैं जिन्हें सी.ए.ए. लागू होने के बाद अब 30 वर्ष की आयु में पहचान मिलेगी। आज लाखों लोगों की आंखों के आसूं पोछने का काम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह भावुक पल है और यह कानून जब संसद में पास हुआ तो उसी दिन तय हो गया था कि शरणार्थियों को रहने में जितनी भी कानूनी बाधाएं आ रही थी, अब वह सभी खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि अपने भारत के विकास में अब पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान से आए लोग भी अपना योगदान कानूनी रूप से दे सकते हैं। पाकिस्तान से आ कर वर्षों से मजनू का टीला पर रह रहे बुजुर्ग गोविंद राम ने कहा की हम गत 4 दशक से दिल से भारतीय थे आज मोदी जी की कृपा से कानून भी भारतीय हो गये अब हमारे बच्चे भी पढ़ लिख कर प्रधान मंत्री मोदी के सपनों का भारत बनायेंगे।

## बाघ अभयारण्य में जंगली हाथी ने ली बुजुर्ग की जान

इरोड (तमिलनाडु)। सत्यमंगलम बाघ अभयारण्य में मंगलवार सुबह एक जंगली हाथी ने 74 वर्षीय एक व्यक्ति को कुचल कर मार डाला। वन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सत्यमंगलम बाघ अभयारण्य (एसटीआर) के भीतर स्थित थलावाडी वन क्षेत्र में दिगिनराई के ग्रामीणों के अनुसार, गीरहल्ली इलाके के मथिया (74) सोमवार की रात एक निजी परिसर के चौकीदार के रूप में ड्यूटी के लिए गए थे ताकि जंगली जानवरों के प्रवेश को रोका जा सके। वन अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह उन्होंने एक वयस्क हाथी को परिसर में प्रवेश करते देखा और उसे डराने के लिए उन्होंने पटाखे फोड़े, हालांकि हाथी ने व्यक्ति पर हमला कर दिया और उसे कुचलकर मौके पर ही मार डाला। हाथी के चिंघाड़ने और मथिया के रोने-चिल्लाने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे जहां उन्होंने मथिया को बेहोश पाया।

**मुलाकात** -गाजा में जारी लड़ाई समेत कई मुद्दों पर की बातचीत

# अजीत डोभाल ने इजराइल में बेंजामिन नेतन्याहू से की मुलाकात

**तेल अवीव, एजेंसी**

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इजराइल में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से सोमवार को मुलाकात कर गाजा समेत कई मुद्दों पर वार्ता की। नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में जारी युद्ध की जानकारी अजीत डोभाल के साथ साझा की। इसके अलावा दोनों देशों की ओर से बंधकों को रिहाई और मानवीय सहायता के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। इस मुलाकात की जानकारी इजराइल के प्रधानमंत्री की सोशल मीडिया हैंडल एक्स के जरिए दी गई। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के निदेशक, प्रधानमंत्री के विदेश नीति सलाहकार और



इजराइल में भारतीय राजदूत ने भी हिस्सा लिया। रमजान के महीने में हमास प्रमुख ने एक बार फिर गाजा में युद्धविराम की मांग पर जोर दिया है। हमास प्रमुख इस्माइल हानियेह ने रविवार को कहा कि हम गाजा में युद्धविराम के समझौते को पूरा करने के लिए इजरायल के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि गाजा में युद्धविमार को लेकर कई बार मध्यस्थता विफल रही है। मैं स्पष्ट रूप से कहता हूं कि गाजा में युद्धविराम के लिए किसी भी समझौते पर बात नहीं बनने के लिए इजरायल की जिम्मेदारी है, लेकिन इसके बावजूद हम युद्धविराम पर बातचीत जारी रखने के लिए तैयार हैं।

### सीएए काफी समय से लंबित था: भारतीय अमेरिकी समूह

वाशिंगटन। अमेरिका के हिंदू संगठनों ने कहा है कि भारत में सोमवार को अधिसूचित किया गया नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) काफी समय से लंबित था और यह अमेरिका में धार्मिक शरणार्थियों के लिए लागू किए गए लॉटेनबर्ग संशोधन को प्रतिबिंबित करता है। भारत सरकार ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम -2019 के नियमों की अधिसूचना सोमवार को जारी की। इस कानून को पारित किये जाने के चार साल बाद उठाए गए केंद्र सरकार के इस कदम के कारण पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक प्रताड़ना के कारण 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आने वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने का रास्ता साफ हो गया है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) की कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा, भारत का नागरिकता संशोधन अधिनियम काफी समय से लंबित था और यह कानून आवश्यक है। यह भारत में कुछ सबसे कमजोर शरणार्थियों की रक्षा करता है। यह उन्हें वो मानवाधिकार प्रदान करता है जिनसे उन्हें उनके देश में वंचित कर दिया गया था। यह उन्हें अपने जीवन का पुनर्निर्माण करने के लिए आवश्यक नागरिकता का स्पष्ट और त्वरित मार्ग प्रदान करता है।